Under CSR Support by ipca Foundation
missiongyan

# अध्याय - 4 | राजनीतिक दल

QUIZ
PART-02

**1. एक-दलीय प्रणाली का उदाहरण कौन-सा देश है?**

A. भारत
B. चीन
C. अमेरिका
D. ब्रिटेन (B)

*व्याख्या:* चीन में केवल कम्युनिस्ट पार्टी को शासन की अनुमति है, इसलिए यह एक-दलीय प्रणाली है।

**2. दो-दलीय प्रणाली में सत्ता आमतौर पर कैसे बदलती है?**

A. चुनाव आयोग तय करता है
B. केवल एक दल स्थायी शासन करता है
C. दो मुख्य दल बारी-बारी से सत्ता में आते हैं
D. सभी दल बराबर सत्ता बाँटते हैं (C)

*व्याख्या:* दो-दलीय प्रणाली में सत्ता प्रायः दो मुख्य दलों के बीच अदला-बदली होती रहती है, जैसे अमेरिका और ब्रिटेन में।

**3. भारत में किस प्रकार की दलीय प्रणाली है?**

A. एक-दलीय
B. दो-दलीय
C. बहु-दलीय
D. कोई नहीं (C)

*व्याख्या:* भारत में बहुदलीय प्रणाली है, जिसमें कई दल गठबंधन बनाकर सरकार बनाते हैं।

**4. बहु-दलीय प्रणाली का एक लाभ क्या है?**

A. यह हमेशा स्थिर सरकार देती है
B. यह केवल दो दलों को मौका देती है
C. यह विभिन्न रुचियों और विचारों का प्रतिनिधित्व करती है
D. इसमें चुनाव नहीं होते (C)

*व्याख्या:* बहुदलीय प्रणाली का मुख्य लाभ यह है कि यह विविध सामाजिक और राजनीतिक रुचियों का प्रतिनिधित्व करती है।

**5. बहु-दलीय प्रणाली की एक कमी क्या है?**

A. स्थिर सरकार बनाना कठिन होता है
B. सभी लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं होता
C. चुनाव कभी नहीं होते
D. केवल एक विचारधारा होती है (A)

*व्याख्या:* बहुदलीय प्रणाली की सबसे बड़ी कमी यह है कि सरकारें अक्सर अस्थिर होती हैं।

**6. राजनीतिक दल की मान्यता प्राप्त करने के लिए किस संस्था से स्वीकृति लेनी होती है?**

A. संसद
B. राष्ट्रपति
C. चुनाव आयोग
D. उच्चतम न्यायालय (C)

*व्याख्या:* चुनाव आयोग ही राजनीतिक दलों को पंजीकरण और मान्यता प्रदान करता है।

**7. मान्यता प्राप्त दल को चुनाव आयोग कौन-सी विशेष सुविधा देता है?**

A. मुफ्त प्रचार
B. अलग चुनाव चिह्न
C. बिना चुनाव जीत सरकार बनाना
D. न्यायपालिका पर नियंत्रण (B)

*व्याख्या:* मान्यता प्राप्त दल को चुनाव आयोग विशेष सुविधा के रुप में एक अलग चुनाव चिह्न प्रदान करता है।

**8. राष्ट्रीय दल और राज्य दल में क्या अंतर है?**

A. राष्ट्रीय दल केवल एक राज्य में कार्य करता है
B. राज्य दल सभी राज्यों में सक्रिय होता है
C. राष्ट्रीय दल कई राज्यों में मौजूद होता है, राज्य दल केवल एक राज्य तक सीमित होता है
D. दोनों का कोई अंतर नहीं है (C)

*व्याख्या:* राष्ट्रीय दल कई राज्यों या पूरे देश में सक्रिय होते हैं, जबकि राज्य दल केवल एक राज्य तक सीमित रहते हैं।

**9. कोई भी पार्टी सबसे पहले क्या करती है?**

A. मान्यता प्राप्त करती है
B. चुनाव जीतती है
C. चुनाव आयोग में पंजीकरण कराती है
D. सरकार बनाती है (C)

*व्याख्या:* किसी भी दल को सबसे पहले चुनाव आयोग में पंजीकृत होना पड़ता है, फिर वह मान्यता प्राप्त कर सकता है।

**10. भारत में बहुदलीय प्रणाली क्यों विकसित हुई?**

A. केवल चुनाव आयोग के कारण
B. देश की सामाजिक और भौगोलिक विविधता के कारण
C. केवल संविधान के कारण
D. केवल ऐतिहासिक कारणों से (B)

*व्याख्या:* भारत में बहुदलीय प्रणाली इसलिए विकसित हुई क्योंकि यहाँ की सामाजिक और भौगोलिक विविधता को केवल दो या तीन दल आसानी से नहीं समेट सकते।